Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date -                    Class - IV

Subject - Hindi Language        Page - 1

Subject Teachers - Ms. Roma Rani

Ms. Suman Sharma

'विराम चिह्न'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'विराम चिह्न' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। आज हम इस पाठ में विराम चिह्नों ( विस्मयादि सूचक (!) एवं योजक चिह्न (-) ) के बारे में पढ़ेंगे।

सभी बच्चे ध्यानपूर्वक इस पाठ को पढ़ेंगे एवं समझेंगे।

बच्चो ! बोलते समय हमें अपने भावों को स्पष्ट करने के लिए रुकना पड़ता है। इसी विश्राम या रुकने को विराम कहा जाता है और लिखते समय इस विश्राम के बारे में संकेत करने के लिए हमें कुछ चिह्नों का प्रयोग करना पड़ता है, जिन्हें व्याकरण की भाषा में विराम-चिह्न कहते हैं।

विराम का अर्थ है - रुकना। भाषा के लिखित एवं मौखिक रूप में यदि विराम न लिया जाए, तो अर्थ का अनर्थ हो सकता है।

इस प्रकार हिन्दी भाषा को लिखते समय विश्राम / रुकने की प्रक्रिया को स्पष्ट करने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें विराम-चिह्न कहते हैं।

Scanned with CamScanner

Date -  Class - IV
Subject - Hindi Language  Page - 2
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में विराम चिह्न के निम्नलिखित दो प्रकार पढ़ेंगे ।

1. विस्मयादिसूचक (!)
2. योजक चिह्न (-)

बच्चो ! अब मैं आपको इन चिह्नों के बारे में विस्थार से बताऊँगी।

1. विस्मयादिसूचक चिह्न (!)

बच्चो ! विस्मयादिसूचक हमारे भावों को व्यक्त करते हैं । हर्ष, शोक, घृणा, प्रेम, आश्चर्य, भय आदि भावों को प्रकट करने के लिए इस चिह्न का प्रयोग किया जाता है; जैसे —

- शाबाश ! तुमने तो कमाल कर दिया ।
- हाय ! मेरा सारा सामान चोरी हो गया ।
- वाह ! क्या पार्टी थी, मज़ा आ गया ।

2. योजक चिह्न (-)

बच्चो ! इस चिह्न का प्रयोग दो एक जैसे शब्दों, विपरीतार्थक शब्दों तथा आपस में तुलना के लिए किया जाता है ; जैसे —

- अनिकेत बिलकुल अपने पिता-सा दिखता है ।
- मेरी मदद करने के लिए तुम्हारा बहुत-बहुत धन्यवाद ।
- पशु - पक्षियों पर आधारित कहानी लिखिए ।

इस प्रकार बच्चो ! पिता-सा , बहुत - बहुत और पशु-पक्षियों शब्दों में योजक चिह्न का प्रयोग किया गया है ।

Scanned with CamScanner

Date-  Class - IV

Subject - Hindi Language  Page - 3

Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

बच्चो! मैंने आपको 'विराम चिह्नों' के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपको इसके आधार पर कुछ प्रश्न दूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न - 1. हिन्दी भाषा को लिखते समय विश्राम की प्रक्रिया को स्पष्ट करने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें क्या कहते हैं?

प्रश्न - 2. वाह कितना अच्छा मौसम है। वाक्य में विस्मयादिबोधक चिह्न लगाएँ।

प्रश्न - 3 वह दिन रात काम करता है वाक्य में विराम चिह्न लगाकर दोबारा लिखिए।

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर - 1. विराम चिह्न

उत्तर - 2. वाह! कितना अच्छा मौसम है।

उत्तर - 3. वह दिन-रात काम करता है।

बच्चो! हमारा यह पाठ यहाँ खत्म हो गया है। आशा है आपको यह पाठ अच्छे से समझ आ गया होगा। अब मैं आपको गृहकार्य दूँगी, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में सुंदर लिखाई में लिखेंगे।

गृहकार्य :-

दिए गए वाक्यों में विराम चिह्न लगाकर दोबारा लिखिए-
(विस्मयादिबोधक एवं योजक चिह्न)

1. वाह कितनी बारिश हो रही है।
2. अरे तुम आ गए।

Scanned with CamScanner

Date -                    Class - IV
Subject - Hindi Language          Page - 4
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

3. सदा माता पिता का आदर करो।
4. छि: कितनी गंदगी है।
5. रजनी की वाणी अपनी माता सी है।
6. ओह यह तो बहुत बुरा हुआ।
7. नलिन दिन रात परिश्रम करने लगा।
8. आज कल बहुत वर्षा हो रही है।

बच्चो! आप इन वाक्यों को अच्छी तरह से समझ कर अपनी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखें। इस कार्य की उत्तर पत्रिका आपको वीरवार को भेजी जाएगी।

धन्यवाद!

Last page.

Scanned with CamScanner